केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 05/06/2026

कोर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून) एक ऐसा अवसर है जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और क्रियाशीलता के लिए समस्त जन मानस को एकजुट करता है। इस वर्ष, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने "प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।" को केन्द्र में रखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 2026 मनाने की परिकल्पना की है।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन प्रयागराज द्वारा दिनांक 05 जून 2026 को प्रमुख मुख्य इंजीनियर श्री जे.सी. चौरसिया के गरिमामयी उपस्थिती में रेल विद्युतीकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पर्यावरण के संरक्षण यानी **"NOW FOR CLIMATE:**जलवायु के लिए अभी कार्यवाई" की शपथ ली और बढ़ते तापमान पर चिंता जताते हुए पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रमुख मुख्य इंजीनियर महोदय ने केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण मुख्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौधा लगाने हेतु प्रेरित किया।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर श्री डी.वी. सिंह, सचिव-महाप्रबन्धक/मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री नरेन्द्र चौधरी, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी श्री के.के. श्रीवास्तव, उप मुख्य इंजीनियर श्री मुन्नी लाल, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री आलोक विहारी अग्रवाल एवं जनसम्पर्क अधिकारी श्री विमल कुमार तथा केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

(विमल कुमार)
जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज